

# फैक्ट्रियां बंद होने से ठप हुआ रोजगार

**400 लोग काम की तलाश में रोज जाते हैं दूसरे शहर**

अदनान खान

**सलामतपुर, 7 अप्रैल. प्रदेश सरकार युवाओं के लिए रोजगार अवसर उपलब्ध कराने नए उद्योगों की स्थापना करने की बात कर रही है,लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है.सलामतपुर सहित आसपास क्षेत्र में बेरोजगारी के चलते युवाओं का पलायन हो रहा है.जबकि सांची जनपद क्षेत्र एक जमाने में इंडस्ट्रियल एरिया के नाम से जाना जाता था .**

सलामतपुर और दीवानगंज कस्बे में दूसरे शहरों के लोग रोजगार की तलाश में आया करते थे.जिससे स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलता था.मगर विगत दिनों में एक-एक कर सभी फैक्ट्रियां बंद हो गई हैं.जिसकी वजह से बाहरी मजदूरों के साथ ही स्थानीय लोग भी बेरोजगार हो गए हैं और धंधे भी चौपट हो गए. काम की तलाश में स्थानीय लोग भी भोपाल या विदिशा अपडाउन कर अपना घर चल रहे हैं. वहीं




लोगों ने मांग की है कि जो उद्योग बंद हो गए हैं उन्हें दोबारा से शुरू किया जाए या फिर नए उद्योग इकाइयां स्थापित की जाए. कस्बे से प्रतिदिन लगभग चार सौ लोग अपडाउन करके भोपाल या विदिशा काम के लिए जाते हैं, क्योंकि उनके लिए सलामतपुर में ही कोई रोजगार के अवसर नही मिल रहे हैं. जबकि यहां पर अगर बंद हुई फैक्ट्री ही शुरू कर दी जाएं तो हजारों लोगों को रोजगार मिल सकता है. सलामतपुर में सूर्या फैक्ट्री सहित दीवानगंज में भी कई फैक्ट्रियां बंद होने से सिर्फ लोगों के हाथ से रोजगार ही नहीं छीना बल्कि क़स्बे का विकास ही थम गया.जब यह फैक्ट्री प्रारंभ थी तो नगर के हजारों लोगों को किसी ना किसी रूप में सीधा फायदा मिलता था. जानकारी अनुसार 2004 में सूर्या फेक्ट्री में ताले डल गए थे.

## इनका कहना है

22 साल हो गए हैं सूर्या फैक्ट्री को बंद हुए. इसको दोबारा प्रारंभ किए जाने की दिशा में कोई काम नहीं किया जा रहा है. हजारों लोगों के बेरोजगार हो जाने के कारण उन्हें अन्य स्थानों रोजगार की तलाश में जाना पड़ रहा है.संगठन द्वारा ज्ञापन देकर सरकार से फैक्ट्रीको पुन:शुरू एवं नए उद्योग लगाए जाने की मांग की गई है. अगर शीघ्र ही हमारी मांगे नहीं पूरी होती तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा.

**सुरेन्द्र मेहरा,** अध्यक्ष बेरोजगार मजदूर संगठन सलामतपुर

नगर में नए उद्योग स्थापित होना चाहिए .ताकि काम की तलाश में स्थानीय युवाओं को पलायन ना करना पड़े. प्रदेश सरकार को इस और ध्यान देकर शीघ्र ही समस्या का समाधान करना चाहिए

**कैलाश गोस्वामी,** रातातलाई सलामतपुर

### बेरोजगार मजदूर संघ का गठन

शासन-प्रशासन के पास कई बार अर्जी लगाए जाने के बावजूद भी सूर्या फैक्ट्री के ताले नहीं खुले. आश्वासन में 22 साल बीत गए. बेरोजगारों ने अब नए सिरे से अपनी मांगों को लेकर बेरोजगार मजदूर संगठन का गठन कर लिया है. संगठन द्वारा कई बार रैली निकालकर, मंत्री, कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए गए लेकिन कोई भी सुनवाई नही हुई .जिसकी वजह से क्षेत्र से युवाओं का पलायन हो रहा है .काम की तलाश में युवा इंदौर, भोपाल, विदिशा, रायसेन जा रहे हैं.

## पूरी निष्ठा से निभाएं जिम्मेदारी : खंडेलवाल

**रायसेन, 7 अप्रैल.** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मंगलवार को रायसेन जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे. जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया. बैठक के दौरान खंडेलवाल ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा.

खंडेलवाल ने कहा कि संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक कार्यकर्ता को जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह पूरी निष्ठा के साथ पूरा करे. उन्होंने जोर देकर कहा कि जमीनी स्तर पर पार्टी की मजबूती ही भविष्य की सफलताओं का आधार बनेगी. मीडिया कर्मियों से चर्चा में खंडेलवाल ने भाजपा की कार्यशैली पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल एक सदस्य नहीं बल्कि पार्टी के प्रति पूरी तरह समर्पित सिपाही होता है और यही समर्पण भाजपा की असली पहचान है. उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ताओं की इसी सक्रियता और निष्ठा के बल पर पार्टी आज इस शिखर पर पहुंची है.

# 3 एकड़ में गेहूं की फसल जलकर राख

**किसानों ने मांगी मदद**

**बेगमगंज , 7 अप्रैल. तहसील के ग्राम केरपानी में सोमवार शाम तीन एकड़ में गेहूं की फसल में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान हो गया. घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन समय पर फायर बिग्रेड की मदद नहीं पहुंचने से ग्रामीणों को खुद ही आग बुझाने के लिए मशक्कत करना पड़ी.**

गांव के लोगों ने करीब एक घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था. इस आगजनी में एक ही परिवार के तीन पीड़ित किसानों में जसरथ यादव, रामकुमार यादव और जसवंत यादव की खेत में कटी रखी गेहूं की पूरी फसल जलकर खाक हो गई. पीड़ित किसानों ने सुल्तानगंज थाने में घटना की सूचना दर्ज कराई है. इसके अलावा किसानों ने तहसीलदार देवेंद्र शुक्ला को एक आवेदन सौंपकर आर्थिक सहायता की मांग की है.तहसीलदार ने मामले की जांच कर उचित मदद का आश्वासन दिया है। घटना के बाद



से गांव में चिंता और मायूसी का माहौल बना हुआ है.

### बागड़ में लगी आग, ग्रामीणों ने बुझाई

**सलामतपुर, 7 अप्रैल** भोपाल-विदिशा हाइवे-18 पर नहर वाली पुलिया के पास मंगलवार दोपहर खेत की बागड़ में आग लग गई. वो तो गनीमत रही कि समय रहते स्थानीय रहवासियों और सलामतपुर पुलिस ने पानी डालकर आग बुझा दी, वरना आग आसपास के खेतों तक फैल सकती थी. किसी के द्वारा जलती हुई बीड़ी या सिगरेट फेंकने की वजह से आग लगना बताया जा रहा है .जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने तत्काल पुलिस बल मौके पर भेजा .जब पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो स्थानीय रहवासियों की काफी भीड़ जमा हो गई थी, जो आग को पानी डालकर बुझाने के प्रयास कर रही थी .पुलिस ने भी आग बुझाने में मदद कीऔर समय रहते आग बुझ गई. गौरतलब है कि सलामतपुर सहित आसपास क्षेत्र में कहीं भी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था नही है .जिसकी वजह से कई आगजनी की घटनाओं में समय रहते मदद नही मिल पाती .स्थानीय ग्रामीण कई बार शिकायतों के माध्यम से फायर ब्रिगेड की मांग शासन प्रशासन से कर चुके हैं .लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नही हुआ.

## एक नजर में



### तबादला होने पर थाना प्रभारी को विदाई

**सिलवानी,7 अप्रैल.** सिलवानी की थाना प्रभारी पूनम सविता के स्थानांतरण के बाद उन्हें एक समारोह में विदाई दी गई .इस अवसर पर थाना स्टाफ एवं उपस्थित जनों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पूनम सविता ने अपने कार्यकाल में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ-साथ आमजन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित किया .उनके कार्यों और व्यवहार को हमेशा याद रखा जाएगा. विदाई समारोह के साथ ही नवागत थाना प्रभारी संजीत परते का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया .उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे.




### दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

सलामतपुर,7 अप्रैल. सलामतपुर में आयोजित पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान शिविर का शुभारंभ हुआ .जिसमें 4 सत्र किये गए. कार्यक्रम का शुभारंभ सांची विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया. उन्होंने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया. कार्यक्रम के दूसरे सत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला. तीसरे सत्र में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश रम्मू तोमर का संबोधन हुआ. सभी अतिथियों का भाजपा मंडल अध्यक्ष रीतेश अग्रवाल ने पार्टी की पट्टिकाएं पहनाकर स्वागत किया. सभी कार्यकर्ताओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन संगठन एप पर किया गया था. कार्यक्रम में प्रदर्शनी का आयोजन भी व्यवस्थित तरीके से किया गया .समस्त कार्यकर्ताओ को पार्टी की नीति रीति, इतिहास और वलिदान को समझने के लिए किताबो का वितरण किया गया.

## बम्हौरी क्षेत्र में खुलेआम हो रहा सट्टा

**बस स्टैंड बना मुख्य अड्डा, कार्रवाई की मांग**

बम्हौरी, 7 अप्रैल. क्षेत्र में इन दिनों सट्टा कारोबार तेजी से पैर पसारता नजर आ रहा है. हालात इतने बेखौफ हो चुके हैं कि बस स्टैंड सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम सट्टा पर्चियां काटी जा रही हैं.दिनभर यहां लोगों की भीड़ लगी रहती है और सट्टा संचालक बिना किसी डर के अपने काम को अंजाम दे रहे हैं. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह अवैध धंधा लंबे समय से संचालित हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा इस ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है. बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले स्थान पर सट्टा गतिविधियों का खुलेआम संचालन कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहा है. गौरतलब है कि हाल ही में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब जब्त की थी, जिसे लेकर क्षेत्रवासियों ने पुलिस की सराहना की थी.इसी के चलते अब लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं और वे मांग कर रहे हैं कि जिस तरह शराब माफियाओं पर सख्ती दिखाई गई, उसी तरह सट्टा कारोबार पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए. सट्टा का यह अवैध कारोबार युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है, जिससे कई परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं. स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है.उन्होंने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि सट्टा संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए इस अवैध कारोबार को जड़ से खत्म किया जाए.

## सिलवानी में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**पूर्व मंत्री ने कहा-पार्टी को मां समझते हैं कार्यकर्ता**

सिलवानी, 7 अप्रैल. सिलवानी में भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया. इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर की गई.इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण व्यक्त किया.

अपने संबोधन में रामपाल सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जहां कार्यकर्ता पार्टी को अपनी 'मां' के रूप में देखते हैं.उन्होंने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस



केवल एक औपचारिक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि हर कार्यकर्ता के लिए भावनात्मक और गौरवपूर्ण अवसर होता है.यह दिन कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराने का अवसर प्रदान करता है.

उन्होंने कहा कि आज भाजपा जिस ऊंचाई पर पहुंची है, उसकी चमक सभी को दिखाई देती है, लेकिन इसके पीछे लाखों कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम, त्याग और समर्पण निहित है.उन्होंने कहा कि इस तपस्या को वही समझ सकता है, जो स्वयं पार्टी के उद्देश्यों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करता रहा हो.

रामपाल सिंह ने क्षेत्रवासियों को भाजपा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया.इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## सिलवानी में भाजपा का प्रशिक्षण शिविर आज से

**सिलवानी, 7 अप्रैल.** भाजपा के सिलवानी तहसील अंतर्गत तीनों मंडलों का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 8 अप्रैल से आयोजित किया जा रहा है. इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों को लेकर नायक मैरिज गार्डन में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक विशेष बैठक आयोजित की गई.


बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत एवं प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी दीपेंद्र पाल उपस्थित रहे.दोनों नेताओं ने प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. कार्यक्रम में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के संगठन क्षेत्र प्रभारी अजय जमपाल 8 अप्रैल को प्रात: 11 बजे नायक एवं विश्वकर्मा गार्डन में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होंगे.उनके साथ राकेश शर्मा, राजो मालवीय तथा ठाकुर रामपाल सिंह भी उपस्थित रहेंगे.

## नगर परिषद ने पेश किया 74 .84 करोड़ का बजट

**विकास कार्यों और बुनियादी सुविधाओं पर जोर**

**गैरतगंज, 7 अप्रैल. नगर परिषद गैरतगंज की बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026 27 के लिए 74.54 करोड़ रुपए का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया. इस बजट में परिषद ने 3 लाख 26 हजार 515 रुपए अनुमानित लाभ दर्शाया है. बैठक में परिषद के अध्यक्ष जिनेश सिंघई, उपाध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर सहित सभी पार्षद और सीएमओ सुधीर उपाध्याय उपस्थित रहे.**

बैठक में परिषद ने आम नागरिकों को राहत देते हुए संपत्ति कर, जल कर, नए नल कनेक्शन शुल्क और दुकान किराए में कोई बदलाव न करते हुए इन्हें यथावत रखने का निर्णय लिया है. हालांकि



निकाय की आय बढ़ाने और प्रबंधन को बेहतर करने के उद्देश्य से पानी टैंकर, मैला टैंकर आवेदन शुल्क, कचरा संग्रहण, विज्ञापन शुल्क सेवाओं के शुल्क में वृद्धि का प्रस्ताव पारित किया गया.

शहर की जल प्रदाय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ बनाने के लिए परिषद ने जल योजना के संचालन एवं संधारण हेतु नई दरे आमंत्रित करने का निर्णय लिया है साथ ही पानी की टंकी के पास सम्पेवेल निर्माण को मंजूरी दी गई है. परिषद ने स्पष्ट किया है कि शहर में चल रहे अवैध नल कनेक्शन को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### विकास हेतु शासकीय भूमि का होगा हस्तांतरण

नगर के विभिन्न वार्डों में विकास परियोजना को गति देने के लिए महत्वपूर्ण शासकीय भूमि के हस्तानांतरण के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं. इसके तहत वार्ड 11 भोपाल-सागर मार्ग स्थित सेवा भूमि वार्ड 15 जुझारपुर रोड स्थित पानी की टंकी के पास की भूमि, वार्ड 4 एवं 8 में शासकीय कन्या प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं की भूमि को नियमानुसार निकाय को हस्तांतरित किया जाएगा ताकि वहां जनहित के विकास कार्य कराए जा सकेंगे .यह बजट शहर के चहुंमुखी विकास को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है. परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई ने कहा कि हमारा लक्ष्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभ पहुंचाना है

## जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन

**सिलवानी, 7 अप्रैल.** 12वीं स्कूल विभागीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलवानी में संपन्न हुआ.इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर कई खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया.चयनित खिलाड़ियों में मनोज पाठक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलसीपार, शैलेंद्र राजपूत शासकीय हाईस्कूल मूडला चावल, मोहम्मद तारीक सांदीपनी विद्यालय सिलवानी, अमित श्रीवास्तव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीरपुर, शेख रसूल सिलवानी, शिवम रघुवंशी सांदीपनी विद्यालय देवरी, मीना पांडे उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन, सुरतीक्षा शर्मा एवं सोनम अहिरवार रायसेन शामिल हैं.



# कृषि मेले के प्रचार वाहन को किया रवाना

**मेले में किसानों को दी जाएगी उन्नत तकनीकों की जानकारी**

**सिलवानी. आगामी 11 से 13 अप्रैल तक रायसेन में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के उन्नत कृषि मेला, प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सिलवानी नगर में विशेष पहल की गई. पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने बजरंग चौराहा से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.**

रवाना किए गए ये प्रचार वाहन सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बों में पहुंचकर किसानों को उन्नत कृषि मेला, प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देंगे. इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, भाजपा नेता विभोर नायक, जिला उपाध्यक्ष दीपक रघुवंशी, महामंत्री दीपेंद्र पाल, जिला मंत्री संदीप शर्मा, प्रतापगढ़ मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर, जय बाबू जैन, सलीम काजी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.इसके साथ ही कृषि विभाग के एसडीओ सुनील मालवीय, कृषि फार्म अधिकारी रघुवीर कुशवाहा, जनपद पंचायत सीईओ नीलम रायकवार सहित बड़ी संख्या में किसान एवं क्षेत्रीय नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए. कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि कृषि मेला किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा.इसमें आधुनिक कृषि उपकरणों, उन्नत बीज, नवीन तकनीकों एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी.साथ ही प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से किसानों को कृषि उत्पादन बढ़ाने एवं आय में वृद्धि के उपाय भी बताए जाएंग. इस आयोजन से क्षेत्र के किसानों को नई तकनीकों से जुड़ने और कृषि क्षेत्र में नवाचार अपनाने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है.

**उदासीनता** बाजार क्षेत्र में फुटपाथ पर भी हो गए कब्जे, प्रशासन नहीं कर रहा प्रभावी कार्रवाई

# गली, नाला, सड़क, नदी सब पर अतिक्रमण

**सिलवानी, 7 अप्रैल. नगर में अतिक्रमण की समस्या लगातार विकराल होती जा रही है. स्थिति यह है कि गली, नाले-नालियां और मुख्य सड़कों तक पर बेधड़क कब्जा किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम नजर आ रहा है.**

बाजार क्षेत्र में हालात और भी बदतर हैं, जहां फुटपाथ तक अतिक्रमण की चपेट में हैं, जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना



पड़ रहा है.

अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन द्वारा बीच-बीच में अभियान चलाया जाता है, लेकिन जैसे ही कार्रवाई की रफ्तार धीमी पड़ती है, अतिक्रमणकारी फिर से कब्जा जमा लेते हैं.प्रशासन की ढिलाई के चलते अतिक्रमण करने वालों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं.

### बेगम नदी के अस्तित्व का संकट

नगर की जीवनदायिनी मानी जाने वाली बेगम नदी पर भी अतिक्रमण और प्रदूषण का खतरा गहराता जा रहा है .नदी के किनारों पर अवैध निर्माण तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे इसकी चौड़ाई लगातार सिमटती जा रही है .वहीं, नगर का गंदा पानी बिना किसी शोधन के सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है, जिससे प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया है. नदी में फैलाई जा रही गंदगी के कारण न केवल पर्यावरण प्रभावित हो रहा है, बल्कि स्थानीय लोग भी संक्रामक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं .गर्मी के मौसम में गंदे पानी से उठने वाली दुर्गंध लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन रही है .इसका असर पशु-पक्षियों पर भी साफ तौर पर देखा जा रहा है.

### चेतावनी तक सीमित प्रशासनिक कार्रवाई

प्रशासन समय-समय पर चेतावनी जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेता है, लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई का अभाव बना हुआ है .सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग लगातार इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, इसके बावजूद प्रशासन की निष्क्रियता बनी हुई है. लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण और प्रदूषण पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं.